तापमान

अधिकतम 44 .2 डिग्री
न्यूनतम 30 .5 डिग्री

हरिभूमि
हिसार भूमि

रोहतक, बुधवार, 21 मई 2025

12 रेहड़े खरीदने को लेकर जल्द टेंडर लगाने के दिए निर्देश

12 मधुमक्खी पालन ग्रामीणों के लिए कम लागत वाला व्यवसाय

खबर संक्षेप

आज सुबह 7 से 12 बजे तक बंद रहेगी बिजली

हिसार। 132 केवी आर्यनगर से 132 केवी भोजराज के बीच नई टावर लाइन कार्य के चलते 33 केवी चौधरीवास बिजलीघर से चलने वाले सभी फीडरों की बिजली सप्लाई 21 और 22 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक बंद रहेगी। एसडीओ के अनुसार 11 केवी पनिहार आरडीएस, 11 केवी मुकलान आरडीएस, 11 केवी किसान फॉस्फेट इंडस्ट्रीज, 11 केवी मेट्रो फ्यूल इंडस्ट्रीज, 11 केवी बिमला इंडस्ट्रीज, 11 केवी चौधरीवास वाटर वर्क्स, 11 केवी चौधरीवास एपी, 11 केवी बडवा एपी फीडरों के तहत बिजली की सप्लाई प्रभावित रहेगी।

सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों ने उकेरे चित्र

हिसार। सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल में एसबीआई लाइफ द्वारा रंग भरो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर पहली कक्षा तक के ने भाग लिया। नन्हें मुन्नों ने कल्पना के रंग उकेर कर सभी का मन मोह लिया। कक्षा नर्सरी की जहाना प्रथम, श्रुति द्वितीय और लविश तृतीय स्थान पर रहे। एलकेजी की आरल, यशस्वी और मयूर यादव क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। यूकेजी की आरया ने पहला, शिवांश ने दूसरा व अवनी ने तीसरा स्थान पाया।

बुधला संत हनुमान मंदिर में सुन्दरकांड पाठ 24 से

हिसार। ऋषि नगर स्थित हनुमान मंदिर बुधला संत स्थान में 24 मई को सिल्वर जुबली सुन्दरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। समाजसेवी कश्मीर भयाना व विनोद भयाना ने बताया कि इस दिन सायं 6 बजे से रात 10 बजे तक संत शिरोमणि साध्वी करुणागिरी महाराज के सान्निध्य में मंदिर प्रांगण में बुधला संत हनुमान मंदिर सभा की ओर से संगीतमयी सुन्दरकाण्ड का पाठ किया जाएगा। प्रवचनों के बाद अनेक भजन गायक बालाजी का गुणगान करेंगे।

शिविर में 56 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की

हिसार। दिव्यांग एकाधिकार पुनर्वास ट्रस्ट ने राष्ट्रीय स्पीच पैथोलॉजिस्ट दिवस के उपलक्ष्य पर सेक्टर 15 में दिव्यांग बच्चों के लिए निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया, जिसमें 56 बच्चों की जांच की गई। मुख्य अतिथि सीनियर न्यूरोथैरेपिस्ट मनोज कुमार व उनकी टीम ने बच्चों की जांच की और उन्हें उचित उपचार और सलाह प्रदान की। शिविर में राजपाल सिंह, मीन कुमार, लक्ष्मी, रविन्द्र, रोहित अरुण कुमार, सौरभ दुहन, सुखवीर नैन, रितु व अरुण ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

घिराय कन्या गुरुकल का शानदार परिणाम

हिसार। घिराय स्थित स्वामी दीप्तानंद कन्या गुरुकुल की कन्याओं ने शानदार परीक्षा परिणाम हासिल किया है। दसवीं कक्षा की छात्रा भावना ने 92, पूजा ने 90, कीमत ने 89.44, तृप्ति ने 89 तथा ज्योति ने 88.8 प्रतिशत अंक लेकर गुरुकुल का नाम रोशन किया है। इसी प्रकार बारहवीं कक्षा में निशा ने 91, अंतिम ने 90.1 तथा खुशी ने 89.2 प्रतिशत अंक लेकर अपने अभिभावकों व संस्थान को प्रसिद्धि दिलाई है। अंतिम ने संस्कृत विषय में 100 अंक हासिल किए हैं।

सरकार पुरानी पेंशन नीति लागू करे : जांगड़ा

हिसार। सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा, जिला वरिष्ठ उप प्रधान सुमन देवी, सचिव विनोद प्रभाकर, वित्त सचिव बिजेंद्र सिंह, सह सचिव भूपेंद्र सिंह व जिला उप प्रधान विरेन्द्र सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा पेंशन संबंधी नीतियों पर दोहरा रवैया अपनाया जा रहा है, जिसकी अध्यापक संघ निंदा करता है। सरकार द्वारा सांसदों व विधायकों को पुरानी पेंशन दी जा रही है।

अस्पताल में एक्सपायरी डेट की दवाएं मिलीं, स्टॉक में भी अनियमितताएं

सीएम फ्लाइंग की भाटला पशु अस्पताल में रेड, चिकित्सक और स्टाफ गैरहाजिर

सफाई कर्मचारी की जगह उसका बेटा सफाई करते मिला, फ्लाइंग टीम ने अस्पताल में कर्मचारियों के आने का डेढ़ घंटे तक इंतजार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

हांसी। भाटला पशु चिकित्सालय में निरीक्षण के दौरान डॉ. रितू से पूछताछ करती सीएम फ्लाइंग टीम व महिला पशु चिकित्सक डॉ. रितू के साथ दवाई व अन्य उपकरणों की जांच करती सीएम फ्लाइंग टीम इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सुनैना।

हांसी-बरवाला रोड़ स्थित गांव भाटला में मंगलवार सुबह सीएम फ्लाइंग की टीम ने एसआई सुनैना के नेतृत्व में पशु चिकित्सालय पर छापा मारा। छापे के लिए नायब तहसीलदार दयाचंद को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। छापेमारी के दौरान पशु चिकित्सालय में तैनात पशु चिकित्सक सहित अन्य भी गैरहाजिर पाए गए।

मामले की जानकारी देते हुए सीएम फ्लाइंग टीम इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सुनैना ने बताया कि उन्हें पिछले कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि भाटला गांव के पशु चिकित्सालय में पशु चिकित्सक व स्टाफ सदस्य नियमित रूप से अनुपस्थिति रहते है और पशु चिकित्सालय में पर्याप्त सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर जब पशु चिकित्सालय का निरीक्षण किया तो यहां न तो पशु चिकित्सक और न ही अन्य कोई स्टाफ कर्मचारी मौजूद थे। चिकित्सालय में रखी आवश्यक दवाइयों व उपकरणों का रिकॉर्ड भी संतोषजनक नहीं पाया गया। उन्होंने बताया कि सीएम फ्लाइंग की टीम ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार दयाचंद के साथ सुबह 7.50 बजे पशु चिकित्सालय पहुंच गई थी और उस वक्त स्वीपर का बेटा चिकित्सालय में सफाई कर रहा था और उसके अलावा चिकित्सालय में कोई अधिकारी या कर्मचारी मौजूद नहीं था। भाटला पशु चिकित्सालय में तैनात पशु चिकित्सक डॉ. रितू 9.15 बजे पशु चिकित्सालय पहुंची और जब उनसे लेट आने का कारण पूछा गया तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाई। जब पशु चिकित्सालय में मौजूद दवाइयों का निरीक्षण किया गया तो काफी संख्या एक्सपायरी डेट की दवाइयां मिली। सीएम फ्लाइंग टीम इंचार्ज सुनैना ने कहा कि लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सीएम फ्लाइंग टीम के समक्ष भी ग्रामीणों ने की शिकायतें

सीएम फ्लाइंग के निरीक्षण के दौरान उपचार के लिए अपने पशुओं को लेकर पहुंचे ग्रामीणों ने भी अस्पताल की बदहाली और चिकित्सक व कर्मचारियों की लापरवाही की शिकायत टीम के समक्ष की। ग्रामीणों ने चिकित्सक डॉ. रितू के समक्ष स्टाफ के समय पर नहीं आने और और उनके पशुओं का सही उपचार नहीं किए जाने की शिकायत की।

पशु चिकित्सालय में चार पद हैं स्वीकृत

भाटला गांव स्थित पशु अस्पताल में चार पद स्वीकृत हैं जिनमें एक सर्जन, एक वीएलडीए, एक अटेंडेंट और एक स्वीपर शामिल है। वीएलडीए ने 9 बजे छुट्टी के लिए आवेदन किया जबकि स्वीपर मेडिकल रेस्ट पर हैं। उसके स्थान स्वीपर के बेटे से सफाई का काम करवाया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान अस्पताल पशु एक्सपायरी डेट की दवाइयां भी स्टॉक से मिली हैं।

उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी रिपोर्ट

इस अवसर पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार दयाचंद ने बताया कि सीएम फ्लाइंग के साथ पशु चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान स्टाफ अनुपस्थित पाया गया तथा अस्पताल में रखी दवाइयों व उपकरणों का स्टॉक भी सही नहीं पाया गया। इसके अतिरिक्त काफी मात्रा में एक्सपायरी डेट की दवाइयां मिली है। उन्होंने बताया कि पशु चिकित्सालय में अनुपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों तथा निरीक्षण में मिली खामियों की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी गई है। उच्च अधिकारियों के निर्देश अनुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।

हिसार। राजकीय स्नातकोत्तर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. विवेक सैनी को ज्ञापन सौंपते हुए इनसो जिला अध्यक्ष अज्जू घणघस व सदस्य। फोटो: हरिभूमि

फीस वृद्धि के विरोध में प्रिंसिपल को दिया ज्ञापन

- इनसो ने फीस बढ़ोतरी को वापस लेने की उठाई मांग
- गुजवि ने नए सत्र से की है विभिन्न पाठ्यक्रमों में फीस में भारी वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी द्वारा नए सत्र से विभिन्न पाठ्यक्रमों में फीस की भारी वृद्धि की गई है। इसके विरोध में मंगलवार को इनसो के जिला अध्यक्ष अज्जू घणघस ने शहर के विभिन्न कॉलेजों में जाकर जीजेयू युनिवर्सिट के नाम ज्ञापन सौंपकर फीस वृद्धि को वापिस लेने की मांग उठाई।

अज्जू घणघस ने जाट कॉलेज, डीएन कॉलेज व गवर्नमैंट कॉलेज के प्रिंसिपल को ज्ञापन सौंपा। घणघस ने कहा कि इन कॉलेजों में किसान एवं मध्यम परिवारों से छात्र पढऩे आते हैं जिस पर बढ़ाई गई फीसों का आर्थिक बोझ काफी बढ़ जाएगा। यूनिवर्सिटी को इस बात को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेना चाहिए।

छात्रों पर आर्थिक बोझ

छात्र नेता अज्जू घणघस ने बताया कि यूनिवर्सिटी द्वारा एडमिशन फी, स्टूडेंट वेलफेयर, इक्विपमेंट, स्पोर्ट आदि के नाम पर बढ़ाई गई फीस का प्रभाव छात्रों पर पड़ेगा क्योंकि कॉलेज में पढऩे वाले छात्र आम परिवारों से आते हैं इसलिए हर साल फीस बढ़ा कर इनके परिवारों पर आर्थिक बोझ ना बढ़ाया जाए। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से गुजवि प्रशासन से मांग की कि बढ़ाई गई फीसों को वापिस लेकर छात्रों को राहत देने का काम करे। इस मौके पर डी.एन. कॉलेज से रिकी गुर्जर, गवर्नमैंट कॉलेज से करण इनसो और जाट कॉलेज से योगी सिवाच ने मिलकर प्रिंसिपल को ज्ञापन सौपा।

शतरंज में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

- विजडम स्कूल में सीआईएसीई जोनल शतरंज प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

सीआईएसीई जोनल शतरंज प्रतियोगिता विजडम स्कूल में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में हरियाणा जोन के विभिन्न स्कूलों ने हिस्सा लिया। स्कूल संस्थापक हरिपाल पिलानिया ने प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुए शतरंज के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। मुख्य अतिथि सतीश दलाल ने बच्चों का संबोधित किया।

स्केटिंग टूर्नामेंट में अंडर 11 क्वॉड गर्ल्स में निवृत्ति (विजडम स्कूल), काशवी (सेंट पॉल) व रक्षिता(विजडम स्कूल) ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर 11क्वाड वॉइस में विजडम स्कूल से विवान रोहिला, कुनाल, जयवर्धन तथा अंडर 11 इनलाइन गर्ल्स में गोरी तथा मन्नत में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 11 इनलाइन बॉयस में विजडम स्कूल के विद्यार्थी युवराज, रेहांश गुप्ता ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर 14 ब्वॉय शतरंज प्रतियोगिता में विजडम स्कूल ने प्रथम स्थान सेंट कबीर ने द्वितीय तथा क्राइस्ट राजा, जींद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी श्रृंखला में अंडर 14 गर्ल्स वर्ग में सेंट कबीर स्कूल ने प्रथम स्थान व विजडम स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 ब्वॉय में विजडम स्कूल ने प्रथम स्थान, क्राईस्ट राजा जींद द्वितीय स्थान तथा बेल टोल पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

हिसार। शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

जन संगठनों का डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन

- अपने अधिकारों तथा समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

ट्रेड यूनियनों से जुड़े जन संगठनों ने मंगलवार को शहर में प्रदर्शन किया और बाद में लघु सचिवालय पहुंचकर अपने अधिकारों तथा समस्याओं को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन की अध्यक्षता सीटू जिला प्रधान सुरेश कुमार, रूप सिंह एटक, जोरा सिंह इंटक, सत्यनारायण ने संयुक्त रूप से की संचालन मनोज सोनी ने किया। बाद में उपायुक्त ने यूनियन डेलिगेशन से बातचीत करते हुए आश्वासन दिया कि यूनियन की स्थानीय स्तर की जो जायज मांगें हैं, उनको तुरंत प्रभाव से समाधान किया जाएगा। इससे पूर्व प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मजदूर-कर्मचारी विरोधी चार लेबर कोड्स को लागू करने के भाजपा सरकार के प्रयासों को रोकने, ठेका प्रथा, अस्थाई व कच्चे रोजगार के स्थान पर स्थाई नौकरी, न्यूनतम वेतन 26000 रुपये लागू करवाने, निजीकरण पर रोक लगाने, लोकतांत्रिक एवं ट्रेड अधिकारों की रक्षा करने, पुरानी पेंशन बहाली आदि मांगों को लेकर मजदूर ओर कर्मचारी संगठनों के आह्वान पर मंगलवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया है।

हिसार। लघु सचिवालय के मुख्य गेट पर प्रदर्शन करते जन संगठन से जुड़े मजदूर।

9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल होगी ऐतिहासिक

हांसी। हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की ब्रांच सिंचाई विभाग की गेट मीटिंग सिंचाई विभाग कार्यालय में संपन्न हुई। अध्यक्षता ब्रांच प्रधान अशोक यादव ने की व मंच संचालन सचिव संदीप फौजी ने किया। गेट मीटिंग को सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक संगठन सचिव राजेंद्र कुलाना, प्रदीप लोहान, राजकुमार सीसर ने कहा कि ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 9 जुलाई को राष्ट्रीय हड़ताल में शामिल होने के बारे में कहा। यह हड़ताल ऐतिहासिक होगी।

पीडब्ल्यूडी के तीनों विभागों में गेट मीटिंग

हिसार। श्रम कानून में बदलाव के विरोध तथा किसान, मजदूर, महिला, छात्र व कर्मचारियों के विभागीय मांग मुद्दों को लेकर 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन ने तीनों विभागों सिंचाई विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं लोक निर्माण विभाग व भवन एवं मार्ग शाखा में गेट मीटिंग कर सरकार के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया।

हांसी। मेडिटेशन सेशन में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

तनावमुक्त रखने के लिए किया मेडिटेशन

- एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल में मेडिटेशन सेशन का आयोजन
- स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास : ऋतु

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल परिसर में मंगलवार सुबह बच्चों को तनाव मुक्त रखने के लिए मेडिटेशन सेशन का आयोजन किया गया। सेशन में दसवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया।

इस सेशन के दौरान बच्चों को अध्यापकों द्वारा मैडिटेशन करवाया गया। मेडिटेशन सेशन का उद्देश्य विद्यार्थियों पर बोर्ड परीक्षा के बढ़ते दबाव कम करना है, क्यों कि आज के भौतिकतावादी युग में हर कोई तनावग्रस्त है जिसका प्रभाव बच्चों पर भी पड़ रहा है। प्राचार्या ऋतु सिंह ने बताया कि मेडिटेशन करने से बच्चों के अंदर एकाग्रता, स्थिरता, आनंद व उत्साह का संचार होता है। सकारात्मक सोच को बढ़ावा मिलता है तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है, मेडिटेशन सेशन हिंदी अध्यापिका चित्रा जैन, साइंस टीचर योगेश और सीटीओ देवांश मलिक की देखरेख में आयोजित किया गया। प्रबंधक समिति के प्रधान सज्जन अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल, कैशियर चंद्रभान गर्ग व सेक्रेटरी रजत अग्रवाल ने मेडिटेशन सेशन के सफल आयोजन की सराहना की।

कबीर व सिकंदर ने कराटे में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

पुलिस लाइन निवासी कबीर व सिकंदर ने 21वीं इंटर डोजो कराटे चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत कर स्कूल कोच व परिवारजनों का नाम रोशन किया है। पिता अभिषेक गंभीर ने बताया कि दोनों बच्चे सेक्टर 15 स्थित सूरज कराटे प्लेनेट में कोच गीतांजलि के नेतृत्व में प्रशिक्षण ले रहे हैं। कराटे कोच हरीश सिराधना ने बताया कि दोनों ही बच्चे कड़ी मेहनत कर रहे हैं व परिवारजनों के सहयोग से इस मुकाम को हासिल कर पाए है।

राजकीय कन्या उच्च विद्यालय की 6 छात्राओं ने बोर्ड मेरिट में स्थान पाया

- गांव के सरपंच व शिक्षकों ने स्कूल विद्यार्थियों को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

राजकीय कन्या उच्च विद्यालय सीसवाल की 6 छात्राओं ने बोर्ड मेरिट में स्थान पाया जबकि कुमारी अनु ने 466 अंक लेकर के प्रथम स्थान हासिल किया। स्कूल की छात्रा फ्रूटी ने 430 अंक लेकर के दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा दीपिका ने 426 अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। विज्ञान अध्यापिका पूजा का परीक्षा परिणाम भी उत्कृष्ट रहा। स्कूल की इस उपलब्धि पर सीसवाल गांव के सरपंच पाली राम सैनी, एसएमसी प्रधान राम कैलाश, हेड मास्टर कृष्ण कुमार, अध्यापक बुधराम, मेवा सिंह, हरीश कुमार, पवन कुमार, पूजा, सुमन व हरीश परिहार ने बच्चों को बधाई दी है।

दादा कालापीर डेरा प्रकरण : 20 किमी पैदल चलकर गए ग्रामीण

शुक्राई नाथ को गद्दी से हटाने के लिए अल्टीमेटम

- तहसीलदार से लिखित में लिया डेरे की जमीन में शुक्राई नाथ को दोहलीदार नहीं बनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

कोथ कलां में दादा काला पीर मठ विवाद प्रकरण लगातार गर्माता जा रहा है। मंगलवार को हजारों ग्रामीण गांव कोथ कलां से पैदल चलकर खेड़ी चोपटा तहसील में पहुंचे और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

सरकार को 30 मई तक का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि महंत को इस डेरे से बाहर निकाला जाए नहीं तो हजारों ग्रामीण कड़ा फैसला लेने पर मजबूर होंगे। इसकी जिम्मेवारी सरकार में प्रशासन की होगी। डेरे की जमीन में महंत शुक्राई नाथ को दोहलीदार न बनाया जाए। कड़ी बहस के बाद तहसीलदार से लिखवा कर लिया गया। उसके बाद ग्रामीणों ने वापस घर जाने का ऐलान किया। पिछले काफी दिनों से गांव कोथ कलां के दादा काला पीर मठ के महंत शुक्राई नाथ को गद्दी से हटाने के लिए ग्रामीण गांधी गिरी तरीके से आंदोलन कर रहे हैं। प्रशासन से भी लिखित में शिकायत दे चुके हैं लेकिन प्रशासन की तरफ से ढीली कार्रवाई ओर मिलीभगत के चलते ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति नाराजगी है। गत 14 मई को शुक्राई नाथ ने नारनौंद के एसडीएम को लिखित में शिकायत दी थी कि देरी की सारी जमीन में उनको दोहलीदार बनाया जाए। इसके बाद ग्रामीणों में और भी ज्यादा नाराजगी बढ़ गई। पूरे गांव ने इकट्ठा होकर 20 मई को खेड़ी चोपटा तहसील का घेराव करने का ऐलान किया था। उसी के चलते मंगलवार की सुबह से ही हजारों लोग किसान नेता सुरेश कोथ, बाहरा खाप के प्रधान रतन मिलकपुर,पूर्व सरपंच अनिल कोथ की अगुवाई में खेड़ी तहसील का घेराव करने के लिए पैदल रवाना हुए।

मौके पर नायब तहसीलदार और डीएसपी रविंद्र सांगवान बातचीत के लिए पहुंचे ग्रामीण इस बात पर अड़ गए कि तहसीलदार लिखित में दे कि डेरे की जमीन को किसी के नाम या दोहलीदार दर्ज नहीं किया जाएगा। आखिरकार तहसीलदार ने ग्रामीणों की मांग के आगे झुकना पड़ा और लिखित में ग्रामीणों को दे दिया कि डेरे की जमीन को किसी के नाम या दोहलीदार दर्ज नहीं किया जाएगा।

30 मई का दिया समय

किसान नेता सुरेश कोथ ने कहा कि 30 मई तक प्रशासन डेरे की गद्दी को खाली करवा दें। अन्यथा कोई बड़ा फैसला लिया जाएगा। इसका सरकार और प्रशासन जिम्मेवार होगा। प्रदर्शन सरकार की आंखें खोलने के लिए किया था और डेरे की जमीन पर कोई कब्जा न कर ले। अगर सरकार और प्रशासन की नींद नहीं खुली तो बड़ा फैसला लिया जाएगा। बाहरा खाप के प्रधान रतन मिलकपुर ने कहा कि डेरे की गद्दी पर शुक्राई नाथ को नहीं रहने दिया जाएगा।

कान्स फिल्म फेस्टिवल

रेड कार्पेट पर उतरीं शर्मिला और सिमी

'अरण्येर दिन रात्रि' का हुआ प्रीमियर

पेरिस। 'कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025' का रेड कार्पेट सितारों से सज गया है। इस बीच हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल, सत्यजीत रे की फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि' की स्क्रीनिंग में शामिल हुईं। फिल्म के प्रीमियर पर दोनों ने रेड कार्पेट की वॉक किया और इसकी शोभा बढ़ाई।

सिमी ग्रेवाल का पहला प्रदर्शन

कान्स फिल्म फेस्टिवल में अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल ने वॉक किया। 'अरण्येर दिन रात्रि' के विशेष प्रीमियर के लिए दोनों ने बेहतरीन ड्रेस पहनी थी। उन्होंने एक साथ रेड कार्पेट पर पोज भी दिया। शर्मिला टैगोर ने हरे रंग की शानदार साड़ी पहनी थी, जबकि सिमी ग्रेवाल आइवरी रंग की ड्रेस में रेड कार्पेट पर चलीं। फिल्म के प्रीमियर के दौरान इसे स्टैंडिंग ओवेशन भी मिला। लोगों ने खड़े होकर तालियां बजाईं। इस दौरान शर्मिला टैगोर की बेटी सबा पटौदी भी मौजूद थीं। दिलचस्प बात यह है कि सिमी ग्रेवाल का कान्स में यह पहला प्रदर्शन था।

फिल्म को 4के में किया गया है री-स्टोर

फिल्म निर्माता सत्यजीत रे की फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि'को अमेरिकी फिल्म निर्माता वेस एंडरसन के नेतृत्व में छह वर्षों में फिर से बनाया गया। इसे री-स्टोर करने का प्रोजेक्ट साल 2019 में शुरू हुआ। यह तब शुरू हुआ जब, मार्टिन स्कॉर्सेसे की द फिल्म फाउंडेशन के बोर्ड में अपने पद के माध्यम से एंडरसन ने फिल्म को संरक्षित करने के बारे में चर्चा शुरू की। निर्देशक के सत्यजीत रे के काम के प्रति जुनून ने द फिल्म फाउंडेशन के वर्ल्ड सिनेमा प्रोजेक्ट, फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन, जेनस फिल्म्स और द क्राइटेरियन कलेक्शन के बीच सहयोगात्मक प्रयास को आगे बढ़ाया, जिसमें गोल्डन ग्लोब फाउंडेशन द्वारा फंड दिया गया।

24 मई को तक चलेगा फेस्टिवल

सिमी ग्रेवाल का कान्स में यह पहला प्रदर्शन था। फिल्म फेस्टिवल 2025 की शुरुआत 13 मई से हुई है। पिछले छह दिनों में कई भारतीय सितारों ने रेड कार्पेट पर वॉक किया और इसकी शोभा बढ़ाई। कईयों के लिए यह साल खास रहा, क्योंकि उन्होंने कान महोत्सव में अपना डेब्यू किया। समारोह का समापन 24 मई को होगा।

इन दिग्गजों को भी मिल चुका है पुरस्कार

2002 में मानद पाल्मे डी'ओर की शुरुआत के बाद से, इसे फिल्म जगत के कुछ सबसे सम्मानित लोगों को दिया गया है। पिछले प्राप्तकर्ताओं में क्लिंट ईस्टवुड, जोडी फॉस्टर, माइकल डगलस, मेरिल स्ट्रीप और जॉर्ज लुकास शामिल हैं। 2022 में टॉम क्रूज को भी इस पुरस्कार से सरप्राइज दिया गया था।

जेसन और एड्रिया ने दिया रोमांटिक पोज

सोमवार को 'फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे'फेम अभिनेत्री डकोटा जॉनसन ने भी रेड कार्पेट पर जलवे बिखेरे। अभिनेत्री ने खुद को खूबसूरत कॉटन-कैंडी गुलाबी फ्रिंज गाउन में स्टाइल किया था। जॉनसन ने अपने गुलाबी लुक को चांदी की बालियों के साथ पूरा किया।'एक्वामैन' फेम अभिनेता जेसन मोमोआ और अमेरिकी अभिनेत्री एड्रिया अर्जियोना ने रेड कार्पेट पर रोमांटिक पोज दिया।

डेनजल वाशिंगटन को मिला 'पाम डी ओर'

डकोटा जॉनसन ने दिखाई दिलकश अदा

पेरिस। हॉलीवुड अभिनेता डेनजल वाशिंगटन को कान्स फिल्म फेस्टिवल में एक बड़ा सरप्राइज मिला। अभिनेता को पाम डी'ओर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें सिनेमा में उनके लंबे और सफल कॅरियर को देखते हुए दिया गया।

फिल्म की स्क्रीनिंग से पहले मिला पुरस्कार : यह सम्मानित पल स्पाइक ली द्वारा निर्देशित उनकी नवीनतम फिल्म 'हाईएस्ट 2 लोएस्ट' की स्क्रीनिंग से ठीक पहले घटित हुआ। कान्स फेस्टिवल के निदेशक थिएरी फ्रेमॉक्स ने उन्हें पुरस्कार दिया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद वह भावुक हो गए। डेनजल वाशिंगटन यह सम्मान पाने वाले 22वें व्यक्ति बन गए हैं।

गर्लफ्रेंड के साथ पहुंचे 'एक्वामैन' एक्टर : 'एक्वामैन' फेम अभिनेता जेसन मोमोआ और अमेरिकी अभिनेत्री एड्रिया अर्जियोना ने 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लिया। वह दोनों 'स्प्लिट्सविले'की स्क्रीनिंग के लिए पहुंचे। इस दौरान रेड कार्पेट पर दोनों ने पोज दिया।

उर्वशी का जबरदस्त नया लुक

उर्वशी रौतेला इन दिनों उर्वशी रौतेला फिल्म फेस्टिवल में अपना जलवा बिखेर रही है। हाल ही में वह जहां ऊप्स मोमेंट का शिकार हुईं, तो वहीं अगले दिन उनका एक और शानदार लुक सामने आया है। उसने अपना एक और लेटेस्ट लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें वह स्टाइलिश बॉडीकॉन ड्रेस में लाजवाब पोज देती नजर आईं। इस नए लुक में उर्वशी बॉडीकॉन ड्रेस में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस की इस ड्रेस में लॉन्ग स्लीव्स के साथ नेकलाइन पर ब्राउन रंग का स्टाइलिश लुक दिया गया है। इसके साथ एक्ट्रेस ने गले में कई नेकलेस पीस पहने हुए हैं, जो उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं। इस लुक के साथ उर्वशी का हेयर स्टाइल उन्हें और भी खास बनाता है। इस लुक में उर्वशी को देखकर उनके फैंस जमकर कमेंट कर रहे हैं और उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं।

कैलिफोर्निया में वेकेशन मना रही हैं माधुरी

मुंबई। बॉलीवुड धक-धक गर्ल इन दिनों अपने पति डॉ नेने के साथ वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। डॉ. नेने ने अपनी पत्नी और एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के साथ कैलिफोर्निया की सिटी सांता मोनिका में वेकेशन की खास झलक अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है। इन तस्वीरों के साथ डॉ नेने ने एक खास पोस्ट भी लिखा है। डॉ. श्रीराम नेने ने आज इंस्टाग्राम पर पत्नी माधुरी दीक्षित के साथ वेकेशन की कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। यह सभी तस्वीरें कैलिफोर्निया की सिटी सांता मोनिका की हैं। डॉ नेने ने इन लाजवाब तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, 'बाहर और इधर-उधर। सांता मोनिका में माहौल बहुत अच्छा लग रहा है!' इस तस्वीर में माधुरी अपने पति डॉ. श्रीराम नेने के साथ सेल्फी लेती नजर आ रही हैं। दोनों के चेहरों पर बड़ी सी स्माइल है।

हेरा फेरी-3 : एक दिन शूट करके परेश गायब

मुंबई। परेश रावल के फिल्म 'हेरा फेरी 3' छोड़ने की खबर ने फैंस और फिल्म इंडस्ट्री को चौंका दिया है। फिल्म के डायरेक्टर प्रियदर्शन ने अब इस पूरे मामले पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि परेश ने यह फैसला करने से पहले उन्हें कोई जानकारी नहीं दी थी। वो खुद इस स्थिति से हैरान और निराश हैं। प्रियदर्शन ने कहा, 'फिल्म शुरू होने से पहले मैंने तीनों - अक्षय, सुनील और परेश- से क्लियर पूछा था कि क्या आप लोग तैयार हैं? सबने कहा- हां। फिर हमने एक दिन शूट भी किया। सब स्मूद चला। लेकिन, अचानक परेश जी के हटने की खबर आई... बिना कुछ बोले, बिना कोई कारण बताए। आज तक उन्होंने मुझसे इस बारे में कोई बात ही नहीं की।' वहीं, जब हमने प्रियदर्शन से पूछा कि क्या वाकई अक्षय कुमार ने परेश रावल पर 25 करोड़ का दावा ठोका है।

फिल्म का ऐलान करने आए हीरो-हीरोइन अपनी गुड न्यूज देकर छाए, बोले- हम शादी कर रहे हैं

नई दिल्ली। तमिल एक्टर विशाल (47) और साई धनशिका (35) अगस्त में शादी करने जा रहे हैं। दोनों एक्टर्स ने सोमवार को चेन्नई में 'योगी दा' प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने रिश्ते को ऑफीशियली अनाउंस किया और खुशखबरी शेयर की। फैन्स से बात करते हुए धनशिका ने कहा कि वे एक-दूसरे को 15 सालों से जानते हैं, लेकिन हाल ही में डेटिंग शुरू की है। धनशिका ने कहा कि एक समाचार रिपोर्ट के वायरल होने के बाद उन्हें अपने रिश्ते को ऑफीशियल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा, 'हम प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनाउंसमेंट नहीं करना चाहते थे। उन्होंने कहा, 'विशाल और मैं 29 अगस्त को शादी करने की प्लानिंग कर रहे हैं। मैं विशाल को पिछले 15 सालों से जानती हूं, जब भी हम पहले मिले, उन्होंने मेरे साथ हमेशा बहुत ही अच्छा व्यवहार किया।जब मैं बहुत मुश्किल में थी, तो वे मेरे घर आए और मेरे लिए आवाज उठाई। कोई भी हीरो मेरे घर कभी नहीं आया।यह उनका बहुत प्यारा व्यवहार था। अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'अभी हाल ही में हमने एक-दूसरे से बातचीत शुरू की है और हमें लगा कि यह किसी नतीजे पर पहुंच रहा है। आपसी सहमति से हम समझ गए कि हम शादी करना चाहते हैं। मैं बस यही चाहती हूं कि वह खुश रहें. मैं तुमसे प्यार करती हूं विशाल।' विशाल ने खुशी-खुशी अपनी शादी की खबर मीडिया को दी और कहा, 'मेरी शादी तय हो गई है। मेरी एक लड़की मिल गई है। धनशिका के पिता यहां हैं और उनके आशीर्वाद से, मैं उसे मिलवा रहा हूं। मैं बहुत खुश हूं, और मैं धनसिका से शादी करने जा रहा हूं।

टीवी मसाला

एक बार फिर दर्शकों को रोमांचित करने आ रहा 'शक्तिमान'

नई दिल्ली। लंबे समय से चर्चा है कि मुकेश खन्ना के टीवी सीरियल 'शक्तिमान' पर बॉलीवुड फिल्म बनेगी। हालांकि अभी इस फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। लेकिन, मुकेश खन्ना एक बार फिर 1990 की दहाई के सुपरहीरो 'शक्तिमान' के रूप में वापस आ रहे हैं। इस बार वह वीडियो फॉर्मेट में नहीं, बल्कि ऑडियो फॉर्मेट में आने वाले हैं। पॉकेट एफएम 'शक्तिमान' शो को एक नई मूल ऑडियो सीरीज के तहत दोबारा पेश करने वाला है। इसमें मुकेश खन्ना एक बार फिर सुपरहीरो बन रहे हैं। इस बार वह आवाज के जरिए सुपरहीरो बनेंगे। पॉकेट एफएम ने इस ऑडियो सीरीज के बारे में इंस्टाग्राम पर जानकारी दी है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है 'जिस लीजेंड पर आप पहले विश्वास करते थे, वह पहले कभी न देखे गए अवतार में वापस आ रहा है। जल्द ही शक्तिमान ऑडियो सीरीज आ रही है, सिर्फ पॉकेट एफएम पर।' पाकेट एफएम ने इंस्टाग्राम पर जो पोस्ट शेयर की है उसमें एक वीडियो भी है। वीडियो में शक्तिमान के रूप में मुकेश खन्ना मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो पर लिखा है 'शक्तिमान ऑडियो सीरीज जल्द आ रही है। 20 सालों तक भारत ने अपने सुपरहीरो का इंतजार किया। 20 साल के अंधेरे के बाद वह फिर से जाग गया है। शक्तिमान ऑडियो सीरीज जल्द आ रही है।' आपको बता दें 'शक्तिमान' एक सुपरहीरो टेलीविजन सीरीज थी। यह सितंबर 1997 से मार्च 2005 तक डीडी नेशनल पर प्रसारित हुआ। यह सीरीज काफी मशहूर थी। इसे बच्चों ने खूब पसंद किया। इस शो के बाद 2011 में 'शक्तिमानः द एनिमेटेड सीरीज' और 2013 में एक टेलीविजन फिल्म, 'हमारा हीरो शक्तिमान' आई।

'वॉर 2' का टीजर रिलीज, ऋतिक-जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त एक्शन

मुंबई। फैंस का इंतजार खत्म हुआ। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर 2' का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया। टीजर में ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त एक्शन देखने को मिला है। अब टीजर आते ही सोशल मीडिया पर वायरल है। फैंस टीजर में अपने-अपने पसंदीदा कलाकार को देखकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। 'वॉर 2' इसी साल 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित 'वॉर 2' यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। इससे पहले 'वार' 2019 में रिलीज हुई थी, जिसमें ऋतिक के साथ टाइगर श्रॉफ नजर आए थे। जूनियर एनटीआर के फैंस जहां वॉर 2 को बॉलीवुड में डेब्यू के लिए उनकी परफेक्ट फिल्म बता रहे हैं। वहीं, ऋतिक फैंस उनकी झलक देखकर काफी उत्सुक हैं। वॉर 2 के टीजर को फैंस का मिला-जुला रिस्पॉन्स मिल रहा है। अधिकांश यूजर्स टीजर को मास एंटरटेनर और शानदार बता रहे हैं। कई फैंस इस फिल्म की शानदार ओपनिंग की बात कह रहे हैं। फैंस वॉर 2 के टीजर को बेस्ट बता रहे हैं।

अमिताभ की वजह से सुपरस्टार को चुकानी पड़ी थी कीमत

संजीव कुमार ने की रिजेक्ट, विनोद खन्ना के हाथ लगी ब्लॉकबस्टर

नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन- विनोद खन्ना की ब्लॉकबस्टर फिल्म, जो मशहूर पटकथा लेखक सलीम-जावेद की कलम से निकली थी, जो उस समय बॉलीवुड में हिट मशीन बन चुके थे। फिल्म में विनोद खन्ना ने इंस्पेक्टर विशाल का रोल निभाया था, लेकिन ये रोल पहले संजीव कुमार को ऑफर हुआ था। लेकिन, उन्होंने स्क्रिप्ट में 'कम स्क्रीन टाइमट की वजह से इसे रिजेक्ट कर दिया था।

शूटिंग के वक्त हुआ था बड़ा हादसा

साल 1978 की उस ब्लॉकबस्टर फिल्म का नाम है 'मुकद्दर का सिकंदर'। इस फिल्म ने रिलीज के समय तहलका मचा दिया था। फिल्म की टिकट तक मिलना मुश्किल हो गया था। लेकिन, इसकी शूटिंग के वक्त एक बड़ा हादसा हो गया था। इस फिल्म को भले ही दर्शक कभी नहीं भुला पाएंगे। लेकिन, मेकर्स भी इस फिल्म को कभी नहीं भुला पाएंगे। दरअसल, फिल्म की शूटिंग के वक्त बिग बी के हाथ से कुछ ऐसा हुआ कि बॉलीवुड के मोस्ट हैंडसम एक्टर की ठोड़ी पर छह टांके आए थे।

विनोद खन्ना के चेहरे पर लगा ग्लास

बात साल 1978 में रिलीज हुई फिल्म 'मुकद्दर का सिकंदर' के उस सीन की है जिसमें अमिताभ बच्चन द्वारा फेंका गया कांच का गिलास विनोद खन्ना की ठोड़ी पर जा लगा, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई और छह टांके लगाने पड़े। दरअसल, मुकद्दर का सिकंदर' का एक इमोशनल सीन शूट करना था। अमिताभ बच्चन अपने किरदार में इस कदर डूब गए थे कि वह उन्होंने ग्लास इतनी तेज फेंका कि ये सीधा विनोद खन्ना के चेहरे पर जा लगा। सेट पर मौजूद सभी लोग तुरंत हरकत में आए और विनोद खन्ना को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां उनके छह टांके आए।



गीत और डायलॉग किए गए थे पसंद

इस फिल्म की कहानी और गीत ही नहीं, इस फिल्म के डायलॉग भी काफी पसंद किए गए थे। जितनी शराब पी है, उसी में डूब मरो! विनोद खन्ना के इस डायलॉग पर सेट पर तालियां बजी थीं। यह सीन कई बार री-टेक हुआ, क्योंकि विनोद खन्ना बार-बार अपनी हंसी रोक नहीं पा रहे थे, जब अमिताभ बच्चन शराबी अदाओं में डगमगाते थे।

जोहरा बाई के रोल में रेखा ने डाल दी थी जान

इस फिल्म में विनोद खन्ना ने विशाल आनंद की भूमिका निभाई थी। विनोद खन्ना ने इस फिल्म को तब हामी दी थी, जब अमिताभ बच्चन के बराबर फीस ऑफर हुई थी। फिल्म में रेखा का जोहरा बाई का रोल काफी छोटा था, लेकिन उन्होंने उसमें जान डाल दी, उनकी आंखों के इमोशन्स और 'सलाम-ए-इश्क' में उनकी . अदायगी ने दर्शकों को दीवाना बना दिया था। विनोद खन्ना और अमिताभ की इस फिल्म ने उस वक्त एक करोड़ के बजट में बनकर 2 करोड़ 69 लाख रुपए बिजने किया था।

खबर संक्षेप

आरोही स्कूल गैबीपुर का परिणाम रहा सराहनीय

बरवाला। गांव गैबीपुर में स्थित आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का दसवीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्राचार्य उपासना दुहन ने बताया कि छात्रा नीतू ने 500 में से 466 अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान और छात्रा अंजलि ने 500 में से 462 अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा छात्र राघव ने 500 में से 461 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल करके अपने परिजनों, गुरुजनों व स्कूल का नाम रोशन किया। 10 विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट हासिल करके स्कूल का गौरव बढ़ाया।

जीजेयू में एमए संस्कृत शुरू होने पर जताई खुशी

हिसार। संस्कृत भारती ने गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में इस बार से एम.ए संस्कृत विषय शुरू होने पर खुशी जताई है। संस्कृत भारती के विभाग संयोजक डॉ. शैलेंद्र सिंह ने बताया कि संस्कृत भारती के प्रयासों से विश्वविद्यालय में एमए संस्कृत के कोर्स की शुरुआत की गई है। इसके लिए उपकुलपति प्रोफेसर नरसीराम बिश्नोई, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा तथा मुख्यमंत्री हरियाणा बधाई के पात्र है हिसार में इस कोर्स की काफी समय से मांग थी। संस्कृत भारती द्वारा इस बार ग्रीष्मावकाश में नारायणगढ़ और बेरी में संस्कृत संभाषण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

सारंगपुर उच्च विद्यालय की सूक्ष्म रही प्रथम

आदमपुर। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित राजकीय उच्च विद्यालय सारंगपुर का दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। अंग्रेजी अध्यापक प्रेम सिंह काजला ने बताया कि राजकीय उच्च विद्यालय सारंगपुर की छात्रा सूक्ष्म ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा अग्रोहा खंड के सरकारी विद्यालयों में द्वितीय स्थान पर रहकर अपने विद्यालय एवं गांव का नाम रोशन किया। अर्चना ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया और 88.2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रियंका तृतीय स्थान पर रही।

राजकीय महिला कॉलेज में कार्यशाला आयोजित

हिसार। राजकीय महिला महाविद्यालय में इंटर्नशिप सैल द्वारा एक दिवसीय इंटर्नशिप और प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सतबीर सांगा के संरक्षण में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य के संबोधन से किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 छात्राओं को व्यवहारिक और व्यावसायिक कौशल को बढ़ावा देती है।

तहबाजारी टीम ने हटवाया अतिक्रमण

हिसार। नगर निगम प्रशासन की तरफ से शहर से अतिक्रमण हटाने का कार्य निरंतर जारी है। तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि मंगलवार को टीम के द्वारा साउथ बाइपास सेक्टर 16-17 के सामने, आजाद नगर मेन रोड, एचएयू के गेट नं. 4 के आस-पास से अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान तहबाजारी टीम द्वारा मुनादी करके अतिक्रमण न करने की अपील की जा रही है।

कराटे में विद्यार्थियों ने दिखाया जौहर

हिसार। डाबड़ा रोड स्थित आईडी डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अनोखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता सूरजसेवा फाउंडेशन एवं जिला बाल भवन हिसार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई जिसमें 32 स्कूलों एवं खेल संस्थाओं से लगभग 750 खिलाड़ियों ने भाग लिया । विद्यालय के ऊजार्वान खिलाडियों ने 28 पदकों पर कब्जा कर रनरअप ट्रॉफी पर अपना नाम दर्ज करवाया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम गर्ग ने विद्यार्थियों इस की उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी ।

सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक में उपायुक्त अनीश यादव ने दिए निर्देश

सड़क सुरक्षा पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, हिट एंड रन पर सख्ती बरतें

324 ओवरलोड वाहनों का चालान करते हुए एक करोड़ 2 लाख 73 हजार 500 रुपये का जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिलास्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त अनीश यादव ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिलों के विभिन्न सडक़ मार्ग के ब्लैक स्पॉट, टेबल टॉप ब्रेकर की आवश्यकता, साइन बोर्ड, रोड मार्किंग, अवैध कट बंद करने व अन्य सुरक्षा उपायों के संबंध में फील्ड विजिट करके विस्तृत रिपोर्ट समिति के समक्ष प्रस्तुत करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने हिट एंड रन के मामलों में अधिकारियों को त्वरित व सख्त फैसले लेने के निर्देश दिए।

हिसार। जिला स्तरीय सडक़ सुरक्षा समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त अनीश यादव। फोटो : हरिभूमि

तय समय सीमा में एक्शन टेकन रिपोर्ट पेश करें

उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि सडक़ सुरक्षा समिति से पास किए गए एजेंडे पर अधिकारी गंभीरता से कार्य करें और जहां भी कमी नजर आए, उसे तुरंत दुरुस्त कराया जाए। सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि निर्धारित समय सीमा में एक्शन टेकन रिपोर्ट अवश्य प्रस्तुत की जाए, ताकि समिति द्वारा की गई अनुशंसाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। बैठक में पिछले महीने हुई सडक़ दुर्घटनाओं की समीक्षा की गई विशेष रूप से उन मामलों की जिनमें मृत्यु हुई थी। उपायुक्त ने इन मामलों पर गहराई से चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए और कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए विशेष प्रयास किए जाएं।

ई-वाहन विक्रेताओं से बैठक की

उपायुक्त अनीश यादव ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि बिना पंजीकरण के इलेक्ट्रिक वाहनों के नियमन संबंधित मुद्दों हेतु ई-वाहन विक्रेताओं के साथ बैठक बुलाकर आवश्यक कदम उठाए। बैठक के दौरान आरटीए विभाग द्वारा अप्रैल माह में की गई कार्रवाई की जानकारी दी गई, जिसमें बताया गया कि कुल 324 ओवरलोड वाहनों का चालान करते हुए विभाग ने एक करोड़ 2 लाख 73 हजार 500 रुपये का जुर्माना वसूला है।

यह रहे उपस्थित

बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, एसडीएम हिसार ज्योति मित्तल, एसडीएम बरवाला डॉ. वेद प्रकाश बेनीवाल, एसडीएम हांसी राजेश खोथ, एसडीएम नारनौंद मोहित मेहराणा, नगराधीश हरिराम, जीएम रोडवेज डॉ. मंगल सेन, सीईओ जिला परिषद हरबीर सिंह, आरटीए संजय बिश्नोई, डीडीपीओ नरेंद्र सिंह, जिला राजस्व अधिकारी विजय कुमार यादव, सीएमओ डॉ. सपना गहलावत, डॉ. तरुण, डॉ. गरिमा दहिया, डीआईओ दीपक भारद्वाज, एक्सईएन जतिन खुराना, बलकार रेड्डू, अनिल नरवाल, सुनील कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

साधकों ने सत्संग व ध्यान शिविर का लाभ उठाया

हिसार। योगदा सत्संग सोसाइटी द्वारा आयोजित सत्संग व ध्यान शिविर में हिस्सा लेते श्रद्धालुगण। फोटो:हरिभूमि

- स्वामी स्मरणानंद गिरी व स्वामी आद्यानंद गिरी द्वारा किया जा रहा सत्संग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

स्वामी स्मरणानंद गिरी जी व स्वामी आद्यानंद गिरी जी द्वारा दो दिन मिडटाउन ग्रैंड में किए गए सत्संग व ध्यान शिविर ने साधकों को खूब प्रभावित किया। योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद गिरी व नोएडा में योगदा सत्संग आश्रम की शाखा के प्रभारी स्वामी आद्यानंद गिरी ने साधकों को मानव जीवन का मर्म समझाया। समाजसेवी पंकज संधीर ने कहा कि स्वामी स्मरणानंद गिरी जी व स्वामी आद्यानंद गिरी जी ने उन सभी विषयों को बड़ी सरलता से स्पष्ट किया जिनका सामना हम सभी अपने जीवन में करते हैं। उन्होंने अपने अनुभवों से हर समस्या का समाधान बड़े ही सहज ढंग से समझाया। मिडटाउन ग्रैंड के स्वामी राकेश अग्रवाल ने कहा कि योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित सत्संग व ध्यान शिविर में परिवार सहित शिरकत करना स्मरणीय रहा। हकृवि में डीन डॉ. सुरेंद्र पाहुजा, डॉ. वीके जैन, डॉ. अंकुर कामरा, डॉ. निधि, डॉ. आशा क्वात्रा, डॉ. निधि भुटानी, सीए आकांक्षा चुघ, प्रो. अरुणा कैड, प्रो. शम्मी नागपाल, डॉ. आदर्श, डॉ. अमित गिरधर, डॉ. प्रज्ञा कौशिक, डॉ. मुकेश कुमार, अर्चना, तरुणा, हरपाल, सुजाता ने कहा कि कार्यक्रम जीवन को नई दिशा प्रदान करने वाला रहा।

दयानन्द स्कूल के खिलाड़ियों ने ट्रॉफी पर किया कब्जा

बरवाला। मॉडल टाउन स्थित दयानन्द पब्लिक स्कूल के प्रांगण में गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ियों के सम्मान में कार्यक्रम किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि पंजाब नेशनल बैंक बरवाला के डिप्टी मैनेजर रविंद्र सिंह ने शिरकत की और अध्यक्षता स्कूल डायरेक्टर व प्राइवेट स्कूल संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यवान कुंडू ने की। स्कूल प्रबंधक संदीप मनवाला व कोच राकेश ने बताया कि भिवानी में हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने एक बार फिर से गोल्ड मेडल प्राप्त करके परचम लहराया। दयानंद पब्लिक स्कूल बरवाला के खिलाड़ी चिराग, योगेश, अमन , सुमित, अंकित, आयान, शुभम, वंश, प्रशान्त, नमन व स्नेह ने 11गोल्ड मैडल और सुमित , जतिन ने 2 सिल्वर मेडल तथा अंश ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर प्रथम स्थान की ट्रॉफी पर कब्जा किया। ये खिलाड़ी 5 जून को मेरठ में होने वाली नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

किरताना में शिविर, 111 लोगों का स्वास्थ्य जांचा, 109 एक्सरे किए

- एक्सरे करके 14 लोगों के सैंपल हिसार भेजे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

किरतान गांव में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें फ्री हेल्थ चेकअप, टीबी अलर्ट इंडियन द्वारा टीबी स्क्रीनिंग टैस्ट किए गए। स्वास्थ्य केंद्र गांव किरतान एवं आजाद हिन्द युवा क्लब किरतान द्वारा संयुक्त रूप से यह शिविर राजीव गांधी सेवा केन्द्र आरोग्य मंदिर में लगाया गया। इस दौरान गांव के करीब 111 लोगों की जांच की गई और 109 एक्सरे किए गए। जिला पर्यवेक्षक भजन लाल गुर्जर द्वारा एक्सरे स्कैनर द्वारा करके 14 लोगों के सैंपल को हिसार भेजा गया। इस मौके पर डॉ. कुसुम ने कहा कि 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया है। इस मौके पर डॉ. सुलोचना, डॉ. मुकेश जाटनी, डॉ. योगेश, डॉ. सुमित, टीबी चैंपियन नरेन्द्र, चंद्र कला, आजाद हिन्द युवा क्लब प्रधान कपूर सिंह आर्य, रोहतास, धर्मेंद्र, रमेश कुमार, प्रोमिल आर्य मौजूद रही।

हिसार। ग्रामीणों की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

शानदार परीक्षा परिणाम पर निकाली रैली

हांसी। ढाणा खुर्द गांव के सरकारी स्कूल के दसवीं कक्षा के 100 फीसद और बारहवीं कक्षा के 97 फीसद परीक्षा परिणाम आने की खुशी में विद्यालय के स्टाफ, एसएमसी सदस्यों और विद्यार्थियों ने पूरे गांव में एक रैली निकाली। इसमें कक्षा 12 और कक्षा 10 के मेरिट वाले बच्चों को माला पहना कर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजुला दहिया ने बताया कि कक्षा 12 में 30 बच्चों में से 6 बच्चों ने बोर्ड मेरिट और 16 बच्चों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की है। कक्षा 10 के 30 बच्चों में से 3 बच्चों ने बोर्ड मेरिट और 18 बच्चों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की है। उन्होंने इस सफलता का सारा श्रेय अपने स्टाफ और बच्चों की मेहनत को दिया।

गुजवि के चार विद्यार्थियों को एचसीएल टेक्नोलॉजीज में मिली प्लेसमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयमें ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से नोएडा स्थित आईटी कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज के वर्चुअल ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के बीटेक कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग) कार्यक्रम के चार विद्यार्थियों का चयन किया गया है। चयनित विद्यार्थियों को कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने बधाई दी है।

प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि बीटेक सीएसई-एआईएमएल के 24 विद्यार्थियों ने वर्चुअल प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लिया। प्लेसमेंट प्रक्रिया में ऑनलाइन टेस्ट, प्री-प्लेसमेंट टॉक और वर्चुअल एचआर साक्षात्कार शामिल थे। उन्होंने ड्राइव के संचालन के लिए प्रतिभा रावत और एचसीएल टेक टीम को धन्यवाद दिया। सहायक निदेशक डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि बीटेक (सीएसई-एआईएमएल) से गर्वित खन्ना, आदित्य वालिया, रिषभ ठाकरान और राशि जैन का चयन हुआ है। प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन बीटेक सीएसई-एआईएमएल की छात्रा ममता ने सुचारू रूप से किया।

चयनित विद्यार्थी।

पड़ोसी ने युवक को घर से बुलाकर सुए व चाकू से हमला किया

हांसी। नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन घायल अनुराग।

हांसी। खरड़ चुंगी क्षेत्र में में रहने वाले एक युवक को घर से बाहर बुलाकर उस पर बर्फ तोड़ने वाले सुए व चाकू से हमला कर घायल किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घायल युवक को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घायल युवक की पहचान खरड़ चुंगी निवासी अनुराग के रूप में हुई है, घायल युवक मकानों में रंग रोगन करने का काम करता है। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल अनुराग के बयान दर्ज कर मामले की जांच आरंभ कर दी। नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन अनुराग बताया कि सोमवार रात को उसका पड़ोसी उद्दी उनके घर आया और उसे बुलाकर ले गया था। उस वक्त उद्दी के साथ दो युवक ओर थे और मुझे बाइक पर बैठाकर समाधा मंदिर की ओर ले गए। वहां उसके साथ मारपीट की गई और उसके उसके बाद बर्फ तोड़ने वाले सुए व चाकू से हमला कर घायल कर दिया गया। हमले में अनुराग को हाथ, पांव और पीठ पर गहरे जख्म लगे हैं।

श्रेष्ठ खिलाड़ियों के लिए सीट आरक्षित : डॉ. सैनी

हिसार। गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय में स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं में दाखिले के लिए श्रेष्ठ खिलाड़ियों के लिए खेल कोटे की सीटें आरक्षित हैं। प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी ने बताया कि कॉलेज में पढ़ने वाले श्रेष्ठ खिलाड़ियों को संसाधनों की कमी नहीं आने दी जाएगी। खिलाड़ियों को खेल सुविधाओं समेत महाविद्यालय की तरफ से हर संभव मदद की जाती है। उन्होंने बताया कि बीए में दस सीटें, बीकॉम और बीएससी में पांच पांच सीटें आरक्षित हैं। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. सुखबीर सिंह दूहन ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय में श्रेष्ठ खिलाड़ियों के लिए सभी कक्षाओं में सीटें आरक्षित हैं।

सैंट ज्ञानेश्वर स्कूल का दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

हांसी। शानदार परीक्षा परिणाम लेने वाली छात्राएं।

हरियाणा शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी किए गए 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में सैन्ट ज्ञानेश्वर सीनियर सैकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए अद्वितीय अंक प्राप्त कर पूरे क्षेत्र में सफलता का शानदार परचम लहराते व अपनी श्रेष्ठता का परिचय देते हुए विद्यालय तथा अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया।

स्कूल प्राचार्य सतीश वर्मा ने बताया कि 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में स्कूल के 66 विद्यार्थियों भाग लिया जिनमें से 25 छात्रों ने बोर्ड मैरिट तथा 31 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास कर विद्यालय व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय की छात्रा किरण ने 500 से 463 अंक लेकर प्रथम तथा अंजलि ने 455 अंक लेकर द्वितीय और अन्नू ने 453 अंक लेकर स्कूल में तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्राचार्य सतीश वर्मा ने स्कूल स्टाफ, विद्यार्थियों ने तथा उनके अभिभावकों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

आदमपुर। अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करती स्कूल प्रबंधन कमेटी।

मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया

आदमपुर। सीबीएसई 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मंगलवार को विद्यालय परिसर में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन पपेंद्र ज्याणी, डायरेक्टर निरुद्ध बिश्नोई, प्रिंसिपल राजेन्द्र तथा संबंधित कक्षा अध्यापकगण उपस्थित रहे। टॉपर्स को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके कठिन परिश्रम और समर्पण को सराहा गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन पपेंद्र ज्याणी ने कहा कि हमारे छात्रों ने जो मेहनत और अनुशासन दिखाया है, वह प्रेरणास्पद है। यह सम्मान केवल उनकी उपलब्धियों का नहीं, बल्कि उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है जो उन्होंने अपनी पढ़ाई के प्रति दिखाई। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भी छात्र ऐसे ही कीर्तिमान स्थापित करते रहेंगे।

हिसार। साहित्यकार जयभगवान सैनी को सम्मानित करते अतिथिगण।

साहित्यकार जयभगवान सैनी को मिला सम्मान

हिसार। साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले बड़वाली ढाणी निवासी साहित्यकार जयभगवान सैनी को लघुकविता लेखन के लिए दो सम्मानों से अलंकृत किया गया है। सिरसा में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में साहित्यकार जयभगवान सैनी को पटका पहनाकर और प्रमाण-पत्र व स्मृति चिह्न देकर हरियाणा प्रादेशिक लघुकविता मंच द्वारा प्रकृति प्रेम लघुकविता सम्मान एवं वर्चुअल प्लेनेट प्रोडक्शन मुंबई द्वारा प्रकृति लेखन लघुकविता सम्मान से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर जयभगवान सैनी ने कहा कि साहित्य सृजन व साहित्य साधना जीवन का अभिन्न अंग बन गए हैं। हरियाणा प्रादेशिक हिंदी साहित्य सम्मेलन, सिरसा द्वारा संचालित हरियाणा प्रादेशिक लघुकविता मंच के तत्वावधान में एवं डॉ. सुरेंद्र वर्मा की स्मृति में अखिल भारतीय लघुकविता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सिरसा के श्री युवा साहित्य सदन में आयोजित इस सम्मेलन में डॉ. जयभगवान सिंगला मुख्यातिथि रहे जबकि चांद वर्मा ने अध्यक्षता की।

स्वामी देवानंद सरस्वती की 40वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम में बोले मंडलायुक्त

नैतिक शिक्षा के प्रसार में गुरुकुल निभा रहे भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

वैदिक शिक्षा व सनातन संस्कृति के पोषक गुरुकुल आर्यनगर में गुरुकुल के संस्थापक स्वामी देवानंद सरस्वती की 40वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर गुरुकुल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति व वैदिक संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान हिसार मंडलायुक्त अशोक कुमार गर्ग मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे और सीकर के पूर्व सांसद व गुरुकुल के प्रधान स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

हिसार। गुरुकुल आर्यनगर के संस्थापक स्वामी देवानंद सरस्वती की 40वीं पुण्यतिथि पर आयोजित किए गए कार्यक्रम में अतिथियों को सम्मानित करते पदाधिकारी।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि अशोक कुमार गर्ग ने कहा कि आज के दौर में गुरुकुलों की बहुत जरूरत है। सनातन संस्कृति व नैतिक शिक्षा के प्रसार में गुरुकुल अभूतपूर्व भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन परम्पराओं का निर्वहन गुरुकुल में किया जाता है, वे समाज को सुदृढ़ता प्रदान करती हैं। अशोक गर्ग ने बच्चों से जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रश्न पूछे तथा सवालों के जवाब देते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। पूर्व सांसद व गुरुकुल के प्रधान स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि गुरुकुल आर्यनगर में न केवल वेद-मंत्रों व वैदिक शिक्षा पर ध्यान दिया जाता है बल्कि छात्रों को वर्तमान परिदृश्य के अनुसार शिक्षित किया जाता है।

गुरुकुल के मंत्री एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में हकृवि के वित्त नियंत्रक नवीन जैन, संरक्षक चंद्रा राम गुर्री, रोहताश बीरथल डीएफओ, प्रमुख समाजसेवी जिले सिंह टॉक, समाजसेवी संतोष कुमारी, शिक्षाविद गुन सागर जैन व प्रो. डॉ. के. के. वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान गुरुकुल के कार्यकारी प्रधान रामकुमार आर्य, उपप्रधान एडवोकेट सुभाष जांगड़ा, मानद कुलपति पंडित रामस्वरूप शास्त्री, डॉ एस के गुलाटी,रामफल वर्मा, प्रबंधक कर्नल ओमप्रकाश, संदीप बूरा प्रधान बार, विकास पूनिया उपप्रधान, समीर भाटिया, सुनील भारद्वाज, सुनील सहदेव, पवन तूंदवाल, बलराज मलिक, अभिमन्यु मात्रश्याम, इंद्रदेव शास्त्री, सत्यव्रत आर्य, जुगेश शर्मा, विनय मल्होत्रा उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

बरवाला-अग्रोहा रोड से होगा सड़क निर्माण

बरवाला। लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य विभाग के कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने बताया कि बरवाला-अग्रोहा रोड से गौशाला होते हुए रेलवे बाउंड्री तक जल्द ही सड़क का निर्माण कराया जाएगा। इस सड़क की हरियाणा सरकार ने कुल 2 करोड़ 63 लाख 23 हजार की राशि स्वीकृत की है। यह सड़क क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाएगी और लोगों को सुगम आवागमन का लाभ देगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और भविष्य में भी ऐसी विकासपरक योजनाएं बनाकर उन पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देश दिए हैं कि सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू कर उच्च गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण किया जाए।

नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने की मीटिंग

नारनौंद। नगर पालिका के प्रांगण में मंगलवार को सफाई कर्मचारियों ने गेट मीटिंग व प्रदर्शन किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता इकाई प्रधान मंसाराम ने की। मंच संचालन उप प्रधान नरेश ने किया। किसान नेता शीलू लोहान ने कहा कि सरकार बार बार कर्मचारियों का शोषण कर रही है और झूठे वादे करते हैं। इस मौके पर प्रधान नरेश, राजवीर, कमलेश, रेनू वाला, संतोष, ओमपति, अंग्रेजो देवी आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

5 किलो गांजा के साथ एक महिला सहित तीन काबू

हांसी। सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने 5 किलो गांजा सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान लोहारी राघो निवासी सचिन तथा सिसाय कालीरावण निवासी रामदिया व उसकी पत्नी आशा के रूप में हुई है। सीआईए को सूचना मिली थी कि मोटरसाइकिल पर सवार महिला सहित तीन व्यक्ति सिसाय से दयाल सिंह कॉलोनी नशीला पदार्थ लेकर आ रहे हैं। पुलिस ने दयाल सिंह कॉलोनी हांसी बाइक सवारों को रुकवाकर उनकी तलाशी ली गई तो थैले के अंदर 5 किलो गांजा बरामद हुआ।

2 किलो 97 ग्राम गांजा के साथ दो काबू

हांसी। सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने 2 किलो 97 ग्राम गांजा सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान जींद के गांव दुर्जनपुर निवासी हरदयाल व न्यू सुभाष नगर कालोनी निवासी अनिकेत के रूप में हुई है। सीआईए स्टाफ पुलिस ने हनुमान कॉलोनी में नाकाबंदी कर मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों को रुकवाकर उनके बैग की तलाशी ली तो आरोपियों से 2 किलो 97 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

जिले में खनन विभाग की सख्त कार्रवाई

2 वाहन किए सीज, 6 लाख 71 हजार 610 रुपये का जुर्माना वसूला

अप्रैल माह में नियमों का उल्लंघन करने वालों के 2 वाहन सीज किए व 6 लाख 71 हजार 610 रुपये का जुर्माना लगाया

हिसार। वाहन चेकिंग के दौरान उपस्थित खनन विभाग के अधिकारी।

हरिभूमिन्यूज ▶▶| हिसार

जिले में अवैध खनन एवं बिना ई-रवाना पास के खनिज परिवहन पर सख्त कार्रवाई करते हुए खनन विभाग ने अप्रैल माह में नियमों का उल्लंघन करने वालों के 2 वाहन सीज किए व 6 लाख 71 हजार 610 रुपये का जुर्माना लगाया गया, जिसे सरकारी खजाने में जमा करवाया गया है।

वैध ई-रवाना पास के बिना खनिज परिवहन न करें

जिला खनन अधिकारी राजेश कुमार ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन करना व खनिजों का अनधिकृत परिवहन कानूनी अपराध है, जिसमें दोषी पाए जाने पर भारी जुर्माना और सजा का प्रावधान है। उन्होंने जिले के खनन कारोबारियों एवं वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि वे नियमों का पालन करें और वैध ई-रवाना पास के बिना खनिज परिवहन न करें।

उपायुक्त अनीश यादव द्वारा जिला स्तरीय खनन कमेटी की मासिक बैठक के दौरान सख्त निर्देश दिए गए हैं कि जिले में खनन गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए और टोल प्लाजा सहित प्रमुख मार्गों पर वाहनों की जांच बढ़ाई जाए। इसी के तहत अप्रैल माह में टोल प्लाजा लांधड़ी, साउथ बाईपास, तोशाम रोड, मंगाली रोड, डाबड़ा रोड़, मीरकां व आसपास के क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

जिला खनन अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि चेकिंग के दौरान 2 वाहन बिना ई-रवाना पास के पकड़े गए, जिन्हें पुलिस की मदद से संबंधित थानों में सीज करवाया गया है।

निगमायुक्त ने यूनियन के साथ कर्मचारियों की मांगों को लेकर की बैठक

नए रेहड़े खरीदने को लेकर निगमायुक्त ने जल्द टेंडर लगाने के दिए निर्देश

हरिभूमिन्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम के मुख्य सभागार में मंगलवार को निगमायुक्त नीरज की अध्यक्षता में नगर पालिका कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। यूनियन द्वारा कर्मचारियों से सम्बन्धित 20 मांगे निगमायुक्त के समक्ष रखी। इस पर निगमायुक्त नीरज ने कहा कि यूनियन द्वारा जो मांगे रखी गई है। उसके समाधान के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे दिए गए है। कुछ मांगे हैंड ऑफिस से सम्बन्धित है जिनको जल्द ही भेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम प्रशासन हर कर्मचारी के साथ है। वार्ड 1 से 10 में सफाई कर्मचारियों को रेहड़ी देने के विषय पर सीएसआई ने बताया कि कुछ रेहड़े ठीक करवाकर दे दिए गए है और शेष को भी जल्द ही ठीक करवाकर दे दिया जाएगा। इसके अलावा 11 से 20 वार्ड के खराब रेहड़ों को ठीक करवाने के निर्देश दिए। नए रेहड़े खरीदने को लेकर निगमायुक्त ने जल्द ही टैंडर लगाने के लिए निर्देश दिए। स्थाई व रिटायरमेंट कर्मियों को एलटीसी देने के विषय पर निगमायुक्त ने कहा कि 108 कर्मियों को एटीसी की अप्रूव्ल दी जा चुकी है। इसमें अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल सिंह, अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, उप-निगम आयुक्त वीरेन्द्र सहारण, एक्सईएन अमित कौशिक, एक्सईएन जयबीर डूडी, सीनियर अकाउंट ऑफिसर अशोक नेहरा, जेई आर डी शर्मा, जेई राकेश, सचिव राहुल सैनी, सीएसआई राजकुमार, एएसआई राहुल सैनी, एएसआई रोहित, एएसआई कपिल सहित यूनियन के पदाधिकारियों में प्रधान सुरेन्द्र, सुरेन्द्र वर्मा मौजूद रहे।

हिसार। सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते निगमायुक्त नीरज। फोटो :हरिभूमि

मार्केट न्यूज

विजडम स्कूल में आयोजित सीआईएसीई जोनल शतरंज व स्केटिंग प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

सीआईएसीई जोनल शतरंज प्रतियोगिता एक बार फिर से विजडम स्कूल, हिसार में आयोजित की गई। इसी के साथ विजडम स्कूल को इस बार स्केटिंग प्रतियोगिता की मेजबानी मिली। इस प्रतियोगिता में हरियाणा जोन के विभिन्न स्कूलों ने हिस्सा लिया ।स्कूल संस्थापक श्रीमान हरिपाल पिलानिया ने प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुए शतरंज के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। मुख्य अतिथि श्री सतीश दलाल ने बच्चों का पयवेषण किया तथा उन्हें धैर्य व सूझ बूझ तथा ध्यान केंद्रित कर खेलने के लिए संबोधित किया। स्केटिंग टूर्नामेंट में अंडर 11 क्वॉड गर्ल्स में निवृत्ति (विजडम स्कूल), काशवी (सेंट पॉल) व रक्षिता (विजडम स्कूल) ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर 11क्वाड वॉइस में विजडम स्कूल से विवान रोहिला, कुनाल, जयवर्धन तथा अंडर 11 इनलाइन गर्ल्स में गोरी तथा मन्नत में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 11 इनलाइन बॉयस में विजडम स्कूल के छात्रों युवराज, रेहांश गुप्ता ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर 14 बॉयज शतरंज प्रतियोगिता में विजडम स्कूल हिसार ने प्रथम स्थान सेंट कबीर, हिसार ने द्वितीय तथा क्राइस्ट राजा, जींद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

जिले में कोई भी शिकायत ओवरड्यू नहीं होनी चाहिए : गर्ग

हिसार। हिसार मंडलायुक्त अशोक कुमार गर्ग ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सभी उपायुक्तों के साथ सीएम विंडो और जन संवाद पोर्टल पर लंबित मामलों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायत निवारण प्रणाली में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। मंडल आयुक्त ने कहा कि आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए शुरू की गई सीएम विंडो और जन संवाद पोर्टल की शिकायतों का समय पर समाधान करना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि किसी भी जिले में कोई भी शिकायत ओवरड्यू नहीं होनी चाहिए।

पीजीएसडी का परीक्षा परिणाम शानदार

हिसार। पीजीएसडी हाई स्कूल के 89 विद्यार्थियों में से 73 विद्यार्थियों ने दसवीं के परीक्षा परिणाम में मैरिट प्राप्त करने पर अध्यापक, मैनेजमेंट व स्टाफ ने खुशी जाहिर की। संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बजरंग गर्ग ने कहा कि पीजीएसडी हाई स्कूल का परिणाम 10वीं कक्षा में 100 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं। पीजीएसडी हाई स्कूल की प्रवीण ने 95.8 प्रतिशत, चिराग 94.6 प्रतिशत, नवीन 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस वर्ष 89 विद्यार्थियों में से 73 विद्यार्थियों ने मैरिट व 16 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। संगीत विषय में 15 विद्यार्थियों ने व कम्प्यूटर विषय में 4 विद्यार्थियों ने 100 अंक प्राप्त किए। गर्ग ने कहा कि पीजीएसडी शिक्षण संस्थान बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी देने का काम करता है। स्कूल के शानदार परिणाम के लिए अध्यापक व बच्चों ने बहुत मेहनत की है। स्कूल के मुख्याध्यापक गंगा प्रसाद मोर्य ने स्कूल के शानदार परिणाम के लिए सभी अध्यापक, मैनेजमेंट व बच्चों को शुभकामनाएं दी। मौके पर नारायण दास बंसल, कैलाश चौधरी, सुरेंद्र सिंगला, प्रिंसीपल सत्येंद्र गोयल, रमेश लोहिया, प्रवीण जैन, राम अवतार सिंगला, ओम प्रकाश असीजा, पितरुमल गोयल, विपिन गोयल, श्याम बिहारी सिंगला, गोपाल बंसल, गुलशन महाजन, कृष्ण बंसल, रोशन लाल गोयल, नरेश कुमार मौजूद रहे।

विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते पीजीएसडी हाई स्कूल के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग व अन्य प्रतिनिधि।

वेस्ट टू बेस्ट पर नगर निगम का समर कैम्प 2 जून से

हिसार। वेस्ट टू बेस्ट को लेकर नगर निगम द्वारा समर कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जो 2 जून से 6 जून के तक चलेगा। निगमायुक्त नीरज ने बताया कि इस समर कैम्प में 12 वर्ष से अधिक व्यक्ति निशुल्क भाग ले सकते है। उन्होंने बताया कि इस समर कैम्प के लिए जो संस्थाएं वेस्ट से बेस्ट का कार्य कर रही है तथा प्रतिभाशाली लोगों को निशुल्क सिखाने लिए आमंत्रित है। वेस्ट टू बेस्ट का मुख्य उद्देश्य कचरे का कम करना, पर्यावरण को बचाना, प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करना, स्थानीय व्यवस्था को बढ़ावा देना, लोगों को कचरे को उपयोगी चीजों में बदलने के बारे में जागरूक करना है। इस कैम्प में पहले आओ पहले पाओ के आधार पर रजिस्ट्रेशन होगा।

हकृवि में मना विश्व मधुमक्खी दिवस

- मधुमक्खी पालन ग्रामीण कम लागत वाला व्यवसाय : प्रो. काम्बोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में विश्व मधुमक्खी दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कीट विज्ञान विभाग द्वारा प्रकृति से प्रेरित मधुमक्खियां हम सभी का पोषण करती हैं विषय पर आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। प्रो. काम्बोज ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 20 मई को विश्व मधुमक्खी दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य मधुमक्खियां और अन्य परागण करने वाले जीवों के महत्व को समझाना और उनके संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करना है। विश्व की लगभग 75 प्रतिशत खाद्य फसलें परागण पर निर्भर हैं, और इस कार्य को मुख्य रूप से मधुमक्खियां करती हैं। कुलपति ने कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों को शहद वितरित किया। अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि मधुमक्खियां पूरा दिन व्यस्त रहती है। इनके जीवन से हमें सीख लेनी चाहिए। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया।

हिसार। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज स्कूली विद्यार्थियों के साथ।

श्री पीपासर स्कूल सदलपुर का गौरवशाली प्रदर्शन

आदमपुर। श्री पीपासर सीनियर सेकेंडरी स्कूल सदलपुर ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए दसवीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणाम में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। हर साल की तरह इस वर्ष भी विद्यालय के सभी छात्र उत्तीर्ण हुए, जिससे विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर दौड़ गई। विद्यालय की डायरेक्टर सुमन गोदारा ने इस शानदार उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के टॉपर्स ने न केवल अच्छे अंक प्राप्त किए, बल्कि कई छात्रों ने 90 फीसद से अधिक अंक अर्जित कर स्कूल का नाम रोशन किया और स्कूल के प्रबंधक सुभाष गोदारा व प्रिंसिपल ललिता शर्मा ने बधाई दी।

चौधरीवास के कन्या स्कूल का परिणाम सराहनीय

हिसार। निकटवर्ती गांव चौधरीवास में स्थित राजकीय कन्या उच्च विद्यालय का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है। स्कूल प्रचार्य दिनेश कुमार ने बताया कि 22 छात्राओं में से 14 लड़कियों ने बोर्ड मेरिट के साथ दसवीं पास की। 5 लड़कियों ने प्रथम श्रेणी से दसवीं पास की। अनीता रानी ने 500 में से 459 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनु रानी ने 454 अंक के साथ विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया,निशा 448 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुख्याध्यापक दिनेश कुमार ने मेरिट व प्रथम श्रेणी में पास होने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया। मौके पर रमेश पूनियां, मोहन देवी भाटिया, सरोज, माया देवी, ज्ञानवती, नवीन, हरिंद्र, हरिचरण, भजन लाल, प्रदीप, कमलेश, सत्यवीर सिंह, कमला देवी व सतबीर सिंह उपस्थित रहे।

पीएम श्री लोहारी में टॉपर्स के सम्मान में निकाली रैली

नारनौंद। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं परीक्षा में 40 बोर्ड मेरिट आने की खुशी में पीएमश्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहारी राघो द्वारा गांव में टॉपर्स बच्चों के सम्मान में रैली का आयोजन किया गया। जागरुकता व सम्मान रैली को विद्यालय प्राचार्य सतेंद्र नेहरा ने रवाना किया। प्राचार्य सतेंद्र नेहरा ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस बार भी विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बारहवीं कक्षा में 49 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी सभी विद्यार्थी उतीर्ण हुए हैं। इनमें से 22 ने मेरिट में जगह बनाई है विद्यालय के प्रवक्ता जितेंद्र चावला की पुत्री मान्या ने 93.2 फीसद अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। जबकि 91 फीसद अंक के साथ निशा दूसरे तो 89.4 फीसद अंक के साथ महक तीसरे स्थान पर रही।

BABA BANDA BAHADUR PUBLIC SCHOOL
A C.B.S.E AFFILIATED ENGLISH MEDIUM CO-EDUCATIONAL SR. SEC. SCHOOL

Embrace the Learning, Not Just the Grades
Remarkable Result in Class X & XII
Inspiring Excellence Every Day

12th Science Toppers



12th Commerce Toppers

12th Arts Toppers



10th Class Toppers

12th CBSE Board Merit Holder (Science)

12th CBSE Board Merit Holder (Commerce)



12th CBSE Board Merit Holder (Arts)



10th Class Students Scoring Above 85% marks



12th Board Merit Holders

English	- 49	Accounting	- 20
Physics	- 02	Bus. Std.	- 20
Chemistry	- 06	Economics	- 26
Biology	- 03	Pol. Sci.	- 07
Comp. Sci.	- 08	History	- 13
Phy. Edu.	-10	Hindi	-19
Painting	- 39	Geography	- 01
		Math	- 02

Subject Wise Toppers in 12th

English	- 95	Anshika, Tisha	Geography - 91	Bhumi
Hindi	- 96	Anshika, Sneha, Surksha	Phy. Edu. - 97	Akhil Sharma
			Com. Sci. - 92	Harshil, Vishvash
History	- 100	Kanchan	Business Std. - 98	Parvesh, Ashmit
Pol. Sci.	- 92	Kanchan	Account - 98	Harsh
Physics	- 91	Vishvas	Economics - 98	Parvesh
Chemistry	- 95	Harshil, Vishvas	Painting - 100	Kashish, Khusbhoo
Biology	- 92	Divya		Dolly, Navya, Tisha
				Jiya, Ananya, Ashmit

10th Board Merit Holders

Hindi	- 47
English	-40
Maths	-16
Science	-25
S.sci.	- 30
IT-	- 95

Subject Wise Toppers in 10th

English -94	Nikunj Majoka, Dipanshu Pannu
Hindi - 95	Siya, Ridhima, Nandini
Maths -96	Dipanshu Pannu
Science -94	Madhav Nagpal
S.sci. - 96	Nandini
IT. - 97	Akshara, Nandini, Mokshi, Lovekesh, Ridhima

Near Sadar Police Station, Hansi. Contact: 9215661107, 08 | Email: bbbp.school@gmail.com | Website: www.bbbps.org